**<u>अंतरिम रिपोर्ट में क्या निहित है?</u>**

विक्टोरियाई मानसिक स्वास्थ्य प्रणाली में रॉयल कमीशन की स्थापना इसलिए की गई थी क्योंकि व्यापक रूप से यह माना जाता है कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ अपने संकट चरण में पहुँच गई हैं। मानसिक रोग से ग्रस्त रहकर जीवन व्यतीत करने वाले कई लोगों को उस परिस्थिति में उपचार, देखभाल और समर्थन नहीं मिल रहा है जब और जहाँ यह उत्कृष्ट लाभ पहुँचा सकता है।

कमीशन की अंतरिम रिपोर्ट में प्राथमिक सुझाव शामिल हैं जो तात्कालिक ज़रूरतों पर ध्यान देते हैं और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक नई विधि की नींव रखते हैं। यह एक महत्वपूर्ण पहला कदम है।

अक्तूबर 2020 में देय अपनी अंतिम रिपोर्ट में कमीशन के सुझाव विक्टोरिया की मानसिक स्वास्थ्य प्रणाली को रूपांतरित करने के लिए एक साहसिक और नवप्रवर्तनशील विधि पेश करेंगे।

**<u>अंतरिम रिपोर्ट क्या सुझाव देती है?</u>**

- मानसिक स्वास्थ्य निवेश (टैक्स या लेवी) के लिए एक नई विधि, ताकि मानसिक स्वास्थ्य के लिए फंडिंग में पर्याप्त वृद्धि सुनिश्चित की जा सके - केवल वर्तमान के लिए ही नहीं, बल्कि भविष्य के लिए भी।
- मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए विक्टोरियाई सहयोगात्मक केन्द्र का निर्माण ताकि सभी विक्टोरियाई लोगों के लिए बेहतर मानसिक स्वास्थ्य परिणामों का संचालन करने के लिए विभिन्न कौशल और विशेषज्ञता को एकसाथ लाया जा सके।
- अतिरिक्त 170 युवा और वयस्क ऐक्यूट मेन्टल हेल्थ बेड्स (तीव्र मानसिक स्वास्थ्य बिस्तर) ताकि ज़रूरतमंद क्षेत्रों में गंभीर दबाव पर ध्यान देने में सहायता की जा सके।
- मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के सभी क्षेत्रों में अस्पताल पहुँच आत्महत्या-प्रयासोत्तर संलग्नता (होप) [Hospital Outreach Post-suicidal Engagement (HOPE)] कार्यक्रम का विस्तार और बच्चों व युवाओं के लिए इसका उप-क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं तथा साथ ही एक नई मुखर पहुँच और फॉलो-अप देखभाल सेवा के साथ शामिल किया जाना, ताकि आत्महत्या के खतरे वाले विक्टोरियावासियों के लिए समर्थन और पहुँच की उपलब्धता में वृद्धि की जा सके।
- एबोरिजनल सामाजिक और भावनात्मक कल्याण केन्द्र का निर्माण और पूरे राज्य में एबोरिजनल सामाजिक और भावनात्मक कल्याण टीमों का विस्तार करना।
- एक्यूट भर्ती के विकल्प के तौर पर, विक्टोरिया की पहली आवासीय मानसिक स्वास्थ्य सेवा की स्थापना करना, जिसे उन लोगों द्वारा तैयार और प्रदान किया जाए जिन्होंने मानसिक रोग का सामना किया हो।
- जीवन में सामना करने वाले उपभोक्ता और पारिवारिक-देखभालकर्ता कार्यबल का विस्तार और समर्थन करना।
- कार्यबल में खामियों का समाधान और संशोधन के लिए तैयारी, जिसमें और अधिक प्रशिक्षण और भर्ती मार्गों के प्रावधान के माध्यम से सरकारी मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में ग्रेजुएट नर्सों और संबद्ध स्वास्थ्य व्यावसायिकों की संख्या में वृद्धि की जा सके।
- एक मानसिक स्वास्थ्य कार्यान्वयन कार्यालय की स्थापना, ताकि इन सुझावों को उपलब्ध कराना शुरू किया जा सके।

**<u>क्या यह रिपोर्ट अंतिम है?</u>**

नहीं, अंतिम रिपोर्ट अक्तूबर 2020 में प्रदान की जाएगी।

**<u>इन सुझावों को कौन लागू करेगा?</u>**

विक्टोरियाई सरकार रॉयल कमीशन द्वारा दिए सभी सुझावों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आयोग ने यह सुझाव दिया है कि सुझावों को उपलब्ध कराना शुरू करने के लिए एक मानसिक स्वास्थ्य कार्यान्वयन कार्यालय स्थापित किया जाए।

**<u>यदि अंतरिम रिपोर्ट के बारे में मेरा कोई सवाल है तो क्या होता है?</u>**

यदि आपको ऐसे सवाल हैं जिनका यहाँ जवाब नहीं दिया गया है, तो आप कमीशन से **<u>contact@rcvmhs.vic.gov.au</u>**, 1800 00 11 34,या PO Box 12079, A'Beckett Street, Victoria 8006 के माध्यम से संपर्क कर सकते/सकती हैं।

यदि आपको दुभाषिए की ज़रूरत है, तो कृपया 03 7005 3010 पर फोन करें।

**<u>क्या मुझे अंतरिम रिपोर्ट की हॉर्ड कॉपी मिल सकती है?</u>**

रॉयल कमीशन अपने पर्यावरणीय पदचिन्हों को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए, कमीशन लोगों को प्रोत्साहित करती है कि वे अंतरिम रिपोर्ट और हमारी वेबसाइट पर दिया गया सार दस्तावेज़ पढ़ें।

**य**दि आपके पास इंटरनेट की सुलभता नहीं है, तो आप अपने स्थानीय पुस्तकालय में जा सकते/सकती हैं।

**<u>क्या अंतरिम रिपोर्ट सुलभ फॉर्मेटों में उपलब्ध है?</u>**

जल्द ही कमीशन की वेबसाइट पर अंतरिम रिपोर्ट और सार दस्तावेज़ का एक सुलभ संस्करण उपलब्ध होगा।

यदि आप चाहते/चाहती हैं कि इनके उपलब्ध होने पर आपको सूचित किया जाए, या आप सुलभता आवश्यकताओं की चर्चा करना चाहते/चाहती हैं, तो आप कमीशन से **<u>contact@rcvmhs.vic.gov.au</u>** या 1800 00 11 34 के माध्यम से संपर्क कर सकते/सकती हैं।

**<u>अंतरिम रिपोर्ट में हर बात पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया है?</u>**

अभी इस रॉयल कमीशन की आधी टर्म भी पूरी नहीं हुई है। अंतरिम रिपोर्ट तो केवल एक शुरुआत है। करने के लिए हमारे सामने अभी बहुत काम बाकी है।

कमीशन ने व्यापक प्रकार के लोगों से उनके विचार सुने हैं और वे सभी लोग हर किसी के लिए प्रणाली को बेहतर बनाने में भूमिका निभाना चाहते हैं - मानसिक रोग का सामना करने वाले लोगों, देखभालकर्ताओं और परिजनों, कार्यबल, अकादमिक पेशेवरों और मानसिक स्वास्थ्य व अन्य संगठनों के लिए।

कमीशन द्वारा प्राप्त की गई 3200 से अधिक प्रस्तुतियों में से प्रत्येक प्रस्तुति को कमीशनर या कमीशन के कर्मचारियों द्वारा पढ़ा गया है।

ये योगदान अक्तूबर 2020 में अंतिम रिपोर्ट प्रदान किए जाने तक काम की सूचना देना जारी रखेंगे।

**<u>क्या अंतरिम रिपोर्ट के बारे में कोई परामर्शी प्रक्रिया है?</u>**

हम अंतरिम रिपोर्ट पर औपचारिक प्रस्तुतियाँ आमंत्रित नहीं करेंगे - यह हमारे द्वारा सुने गए विचारों का सर्वेक्षण है, साथ ही कुछ तात्कालिक ज़रूरतों पर प्रतिक्रिया करने वाले सुझावों और भविष्य में संशोधनों की नींव रखने वाले सुझावों से मिला सर्वेक्षण है।

कमीशन अपने सामान्य माध्यमों से पत्राचार प्राप्त करना जारी रखेंगे - PO Box 12079, A'Beckett Street, Victoria 8006 या **contact@rcvmhs.vic.gov.au**.

**<u>मैं शामिल होना जारी कैसे रख सकता/सकती हूँ?</u>**

कमीशन को समुदाय की ओर से अब तक कई योगदान मिले हैं, ये सलाह-मशवरों, प्रस्तुतियों और जन सुनवाईयों के द्वारा प्राप्त हुए हैं। ये योगदान आयोग के निरंतर कार्य को सूचित करना जारी रखेंगे।

कमीशन आगे और प्रस्तुतियों के लिए आमंत्रण नहीं देगा। यह व्यापक सूचना-एकत्रण चरण से विस्तृत विश्लेषण और प्रणाली डिज़ाइन की ओर बढ़ रहा है।

आयोग अपने कार्य और अंतिम रिपोर्ट के विकास में पहले मानसिक रोग के अनुभव वाले लोगों को शामिल करना जारी रखेगा।

कमीशन अप्रैल/मई 2020 में और अधिक जन सुनवाईयों का आयोजन करेगा।

जन सुनवाइयों समेत निरंतर चलने वाले संलग्नता कार्यों के बारे में और अधिक जानकारी आने वाले महीनों में आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

आप **contacts** पेज़ से अपडेट्स के लिए रजिस्टर कर सकते/सकती हैं।